# 2025-26 स्कूल वर्ष
# स्कूल में प्रवेश/उपस्थिति के लिए न्यूयॉर्क राज्य की टीकाकरण आवश्यकताएं[1]

**नोट्स:**
न्यूयॉर्क राज्य में पढ़ने के लिए जाने के लिए सभी बच्चों को उनकी आयु के अनुसार टीका लगाया जाना ज़रूरी है। खुराकों की संख्या टीकाकरण पद्धतियों के लिए सलाहकार समिति (Advisory Committee on Immunization Practices, ACIP) रा सुझाए गए शेड्यूल पर निर्भर करती है। वैक्सीन की खुराकों के बीच अंतराल "ACIP-अनुशंसित बाल एवं किशोर टीकाकरण शेड्यूल" (ACIP-Recommended Child and Adolescent Immunization Schedule) के अनुसार होना चाहिए। शेड्यूल में दर्शाई गई न्यूनतम आयु या अंतराल से पहले प्राप्त हुई खुराकें वैध नहीं हैं और उन्हें नीचे सूचीबद्ध की गई खुराकों की संख्या में नहीं गिना जाता। प्रत्येक टीके के बारे में विशिष्ट जानकारी के लिए फुटनोट देखें। ग्रेड-रहित कक्षाओं में दाखिला ले रहे बच्चों को उन ग्रेड्स की टीकाकरण आवश्यकताओं को पूरा करना होगा उनकी आयु जिनके लिए समान है।

## खुराक-संबंधी आवश्यकताओं को इस शेड्यूल के फुटनोट के साथ ज़रूर पढ़ा जाना चाहिए

| टीके | प्री-किंडरगार्टन (डे केयर, Head Start, नर्सरी या प्री-K) | किंडरगार्टन और ग्रेड 1, 2, 3, 4 और 5 | ग्रेड 6, 7, 8, 9, 10 और 11 | ग्रेड 12 |
|---|---|---|---|---|
| **डिप्थीरिया और टेटनस टॉक्सोइड युक्त वैक्सीन और पर्टुसिस वैक्सीन (DTaP/DTP/Tdap/Td)[2]** | **4 खुराकें** | **5 खुराकें या 4 खुराकें** यदि चौथी खुराक 4 वर्ष या उससे अधिक आयु में ली गई हो और श्रृंखला 1 वर्ष से कम आयु में शुरू की गई हो या **3 खुराकें** यदि 7 वर्ष या उससे अधिक आयु हो और श्रृंखला 1 वर्ष या उससे अधिक आयु में शुरू की गई हो | **3 खुराकें** | |
| **डिप्थीरिया और टेटनस टॉक्सॉइड युक्त वैक्सीन और पर्टुसिस वैक्सीन किशोर बूस्टर (Tdap)[3]** | **लागू नहीं होता** | | **1 खुराक** 10 वर्ष की उम्र के बाद दी जाती है | |
| **पोलियो वैक्सीन (IPV/OPV)[4]** | **3 खुराकें** | **4 खुराकें या 3 खुराकें** यदि तीसरी खुराक 4 वर्ष या उससे अधिक आयु में ली गई हो | | |
| **मीज़ल्स, मम्प्स और रूबेला वैक्सीन (MMR)[5]** | **1 खुराक** | **2 खुराकें** | | |
| **हेपेटाइटिस B वैक्सीन[6]** | **3 खुराकें** | उन बच्चों के लिए **वयस्क हेपेटाइटिस B वैक्सीन** (Recombivax) की **3 खुराकें या 2 खुराकें** जिन्हें कम से कम 4 महीने के अंतराल पर खुराक दी गई हो और जिनकी उम्र 11 वर्ष से 15 वर्ष के बीच हो | | |
| **वैरीसेला (चेचक) वैक्सीन[7]** | **1 खुराक** | **2 खुराकें** | | |
| **मेनिंगोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन (MenACWY)[8]** | **लागू नहीं होता** | | **ग्रेड 7, 8, 9, 10 और 11 1 खुराक** | **ग्रेड 12: 2 खुराकें या 1 खुराक** यदि खुराक 16 वर्ष या उससे अधिक उम्र में ली गई हो |
| **हीमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप b कॉन्जुगेट वैक्सीन (Hib)[9]** | **1 से 4 खुराकें** | **लागू नहीं होता** | | |
| **न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन (PCV)[10]** | **1 से 4 खुराकें** | **लागू नहीं होता** | | |

1. मीज़ल्स, मम्प्स या रूबेला एंटीबॉडी का प्रमाणित सिरोलॉजिक प्रमाण या इन रोगों की प्रयोगशाला पुष्टि, इन रोगों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता का स्वीकार्य प्रमाण है। पोलियो के लिए सिरोलॉजिक परीक्षणों को प्रतिरोधक क्षमता का स्वीकार्य प्रमाण तभी माना जाएगा जब परीक्षण 1 सितंबर, 2019 से पहले किया गया हो और तीनों सिरोटाइप पॉज़िटिव हों। हेपेटाइटिस B सतह एंटीबॉडी के लिए पॉज़िटिव ब्लड टेस्ट हेपेटाइटिस B के प्रति प्रतिरोधक क्षमता का स्वीकार्य प्रमाण है। वैरीसेला एंटीबॉडीज़ का प्रमाणित सिरोलॉजिक प्रमाण, वैरीसेला रोग की प्रयोगशाला पुष्टि या किसी फिज़िशियन, फिज़िशियन के सहायक या नर्स प्रैक्टिश्नर द्वारा यह निदान कि किसी बच्चे को वैरीसेला रोग हो चुका है, वैरीसेला के प्रति प्रतिरोधक क्षमता का स्वीकार्य प्रमाण है।
   * टेटनस, डिप्थीरिया, पर्टुसिस, मेनिंगोकोकल, हीमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप b और न्यूमोकोकल रोगों के लिए सिरोलॉजिकल टाइटर्स कभी स्वीकार नहीं किए जाते।
2. डिप्थीरिया और टेटनस टॉक्सॉइड और एसेल्युलर पर्टुसिस (DTaP) वैक्सीन। (न्यूनतम आयु: 6 सप्ताह)
   a. समय पर श्रृंखला शुरू करने वाले बच्चों को 2 महीने, 4 महीने, 6 महीने, 15 से लेकर 18 महीने और 4 वर्ष या उससे अधिक उम्र में DTaP टीके की 5 खुराकों की श्रृंखला मिलनी चाहिए। चौथी खुराक 12 महीने की उम्र में दी जा सकती है, बशर्ते तीसरी खुराक के बाद कम से कम 6 महीने बीत चुके हों। हालांकि, DTaP की चौथी खुराक को दोहराने की ज़रूरत नहीं है, यदि वह DTaP की तीसरी खुराक के कम से कम 4 महीने बाद दी गई हो। श्रृंखला की अंतिम खुराक चौथे जन्मदिन पर या उसके बाद और पिछली खुराक के कम से कम 6 महीने बाद ली जानी चाहिए।
   b. यदि DTaP की चौथी खुराक 4 वर्ष या उससे अधिक उम्र में, और तीसरी खुराक के कम से कम 6 महीने बाद दी गई हो, तो DTaP टीके की पांचवीं (बूस्टर) खुराक की ज़रूरत नहीं है।
   c. 7 वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चे जिन्हें बचपन में DTaP टीका श्रृंखला सभी टीके नहीं लगाए गए हैं, उन्हें कैच-अप श्रृंखला में पहली खुराक के रूप में Tdap टीका लगाया जाना चाहिए; यदि अतिरिक्त खुराक की ज़रूरत हो, तो Td या Tdap टीके का उपयोग करें। यदि पहली खुराक उनके पहले जन्मदिन से पहले ली गई थी, तो 4 खुराकों की ज़रूरत होगी, बशर्ते कि अंतिम खुराक 4 वर्ष या उससे अधिक उम्र में ली गई हो। यदि पहली खुराक पहले जन्मदिन पर या उसके बाद ली गई थी, तो 3 खुराकों की ज़रूरत होगी, बशर्ते कि अंतिम खुराक 4 वर्ष या उससे अधिक उम्र में ली गई हो।
   d. ज़्यादा जानकारी के लिए, 4 महीने से लेकर 6 साल तक की उम्र के बच्चों के लिए CDC कैच-अप मार्गदर्शन देखें।
   e. ज़्यादा जानकारी के लिए, 7 से लेकर 9 साल तक की उम्र के बच्चों के लिए CDC कैच-अप मार्गदर्शन देखें।
3. डिप्थीरिया और टेटनस टॉक्सॉइड और एसेल्युलर पर्टुसिस (Tdap) किशोर बूस्टर वैक्सीन। (ग्रेड 6 से 11 के लिए न्यूनतम आयु: 10 वर्ष; ग्रेड 12 के लिए न्यूनतम आयु: 7 वर्ष)।
   a. ग्रेड 6 से लेकर 12 में प्रवेश करने वाले 11 साल या उससे अधिक उम्र के विद्यार्थियों के लिए Tdap की एक खुराक लेना ज़रूरी है।
   b. ग्रेड 6 से 12 तक की आवश्यकता के अतिरिक्त, Tdap को 7 वर्ष और उससे अधिक आयु के उन विद्यार्थियों के लिए कैच-अप श्रृंखला के अंतर्गत भी दिया जा सकता है, जिनका बचपन की DTaP श्रृंखला के तहत पूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ, जैसा कि ऊपर वर्णित है। स्कूल वर्ष 2025-26 में, केवल 10 वर्ष या उससे अधिक आयु में दी गई Tdap की खुराक ही ग्रेड 6 से 11 तक के विद्यार्थियों के लिए Tdap की आवश्यकता को पूरा करेगी; हालांकि, 7 वर्ष या उससे अधिक आयु में दी गई Tdap की खुराक ग्रेड 12 के विद्यार्थियों के लिए आवश्यकता को पूरा करेगी।
   c. ग्रेड 6 में पढ़ने वाले 10 वर्ष की आयु के विद्यार्थी जिन्हें अभी तक Tdap वैक्सीन नहीं लगी है, वे तब तक अनुपालन में रहेंगे जब तक वे 11 वर्ष के नहीं हो जाते।
   d. ज़्यादा जानकारी के लिए, 10 से लेकर 18 साल तक की उम्र के बच्चों के लिए CDC कैच-अप मार्गदर्शन देखें।
4. निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (IPV) या मौखिक पोलियो वैक्सीन (OPV)। (न्यूनतम आयु: 6 सप्ताह)
   a. समय पर श्रृंखला शुरू करने वाले बच्चों को 2 महीने, 4 महीने, 6 से लेकर 18 महीने और 4 वर्ष या उससे अधिक उम्र में IPV की श्रृंखला मिलनी चाहिए। श्रृंखला की अंतिम खुराक चौथे जन्मदिन पर या उसके बाद और पिछली खुराक के कम से कम 6 महीने बाद ली जानी चाहिए।
   b. जिन विद्यार्थियों को 4 वर्ष की आयु से पहले और 7 अगस्त, 2010 से पहले उनकी चौथी खुराक मिली थी, तो उनके लिए कम से कम 4 सप्ताह के अंतराल पर ली जाने वाली 4 खुराकें पर्याप्त हैं।
   c. यदि पोलियो वैक्सीन की तीसरी खुराक 4 वर्ष या उससे अधिक उम्र में, और पिछली खुराक के कम से कम 6 महीने बाद ली गई हो, तो पोलियो वैक्सीन की चौथी खुराक की ज़रूरत नहीं है।
   d. OPV के रिकॉर्ड वाले बच्चों के लिए, केवल ट्राईवेलेन्ट OPV (tOPV) को न्यूयॉर्क राज्य स्कूल पोलियो वैक्सीन संबंधी आवश्यकताओं में गिना जाता है। 1 अप्रैल, 2016 से पहले दी गई OPV की खुराकों को गिना जाना चाहिए, जब तक कि वे विशेष रूप से मोनोवेलेन्ट, बाइवेलेन्ट के रूप में नोट न की गई हों या पोलियोवायरस टीकाकरण अभियान के दौरान न दी गई हों। 1 अप्रैल, 2016 को या उसके बाद दी गई OPV की खुराकों को नहीं गिना जाना चाहिए।
   e. ज़्यादा जानकारी के लिए, 4 महीने से लेकर 17 साल तक की उम्र के बच्चों के लिए CDC कैच-अप मार्गदर्शन देखें।
5. मीज़ल्स, मम्प्स, और रूबेला (MMR) वैक्सीन। (न्यूनतम आयु: 12 महीने)
   a. MMR वैक्सीन की पहली खुराक पहले जन्मदिन पर या उसके बाद ली गई होनी चाहिए। वैध माने जाने के लिए पहली खुराक के कम से कम 28 दिन (4 सप्ताह) बाद दूसरी खुराक ली गई होनी चाहिए।
   b. मीज़ल्स: प्री-किंडरगार्टन के लिए एक खुराक की ज़रूरत होती है। ग्रेड किंडरगार्टन से लेकर 12 तक दो खुराकों की ज़रूरत होती है।
   c. मम्प्स: प्री-किंडरगार्टन के लिए एक खुराक की ज़रूरत होती है। ग्रेड किंडरगार्टन से लेकर 12 तक दो खुराकों की ज़रूरत होती है।
   d. रूबेला: सभी ग्रेड्स (प्री-किंडरगार्टन से लेकर 12 तक) के लिए कम से कम एक खुराक की ज़रूरत होती है।
6. हेपेटाइटिस B वैक्सीन
   a. खुराक 1 जन्म के समय या उसके बाद कभी भी दी जा सकती है। खुराक 1 के कम से कम 4 सप्ताह (28 दिन) बाद खुराक 2 दी जानी चाहिए। खुराक 2 के कम से कम 8 सप्ताह बाद और खुराक 1 के कम से कम 16 सप्ताह बाद खुराक 3 दी जानी चाहिए और 24 सप्ताह की आयु से पहले नहीं दी जानी चाहिए (जब 4 खुराकें दी जाती हैं, तो इन परिकलनों में "खुराक 3" के स्थान पर "खुराक 4" लिखें)।
   b. 11 से 15 वर्ष की उम्र में कम से कम 4 महीने के अंतराल पर दी गई वयस्क हेपेटाइटिस B वैक्सीन (Recombivax) की दो खुराकें आवश्यकताओं को पूरा करेंगी।
7. वैरीसेला (चेचक) वैक्सीन। (न्यूनतम आयु: 12 महीने)
   a. वैरीसेला वैक्सीन की पहली खुराक पहले जन्मदिन पर या उसके बाद ली गई होनी चाहिए। वैध माने जाने के लिए पहली खुराक के कम से कम 28 दिन (4 सप्ताह) बाद दूसरी खुराक ली गई होनी चाहिए।
   b. 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए, खुराकों के बीच अनुशंसित न्यूनतम अंतराल 3 महीने है (यदि पहली खुराक के कम से कम 4 सप्ताह बाद दूसरी खुराक दी गई हो, तो उसे वैध माना जा सकता है); 13 वर्ष और उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए, खुराकों के बीच न्यूनतम अंतराल 4 सप्ताह है।
8. मेनिंगोकोकल कॉन्जुगेट ACWY वैक्सीन (MenACWY)। (ग्रेड 7 से 12 के लिए न्यूनतम आयु: 10 महीने)।
   a. ग्रेड 7, 8, 9, 10 और 11 में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए मेनिंगोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन की एक खुराक की ज़रूरत होती है।
   b. ग्रेड 12 के विद्यार्थियों के लिए, यदि मेनिंगोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन की पहली खुराक 16 वर्ष या उससे अधिक उम्र में ली गई हो, तो दूसरी (बूस्टर) खुराक की ज़रूरत नहीं है।
   c. दूसरी खुराक 16 वर्ष या उससे अधिक उम्र में ली गई होनी चाहिए। खुराकों के बीच न्यूनतम अंतराल 8 सप्ताह है।
9. हीमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप b (Hib) कॉन्जुगेट वैक्सीन। (न्यूनतम आयु: 6 सप्ताह)
   a. समय पर श्रृंखला शुरू करने वाले बच्चों को 2 महीने, 4 महीने, 6 महीने और 12 से लेकर 15 महीने की उम्र में Hib वैक्सीन दी जानी चाहिए। जिन बच्चों की उम्र 15 महीने से अधिक है, उन्हें ACIP कैच-अप शेड्यूल के अनुसार ही टीके लगाए जाने चाहिए। 12 महीने पूरे होने पर या उसके बाद अंतिम खुराक ली जानी चाहिए।
   b. यदि वैक्सीन की 2 खुराकें 12 महीने की आयु से पहले ली गई हों, तो केवल 3 खुराकों की ज़रूरत होगी, जिसमें 12 से 15 महीने की उम्र में और खुराक 2 के कम से कम 8 सप्ताह बाद खुराक 3 दी जाएगी।
   c. यदि 12 से लेकर 14 महीने की उम्र से पहले खुराक 1 ली गई हो, तो केवल 2 खुराकों की ज़रूरत होगी, जिसमें खुराक 1 के कम से कम 8 सप्ताह बाद खुराक 2 दी जाएगी।
   d. यदि 15 महीने या उससे अधिक उम्र में खुराक 1 ली गई हो, तो केवल 1 खुराक की ज़रूरत है।
   e. 5 साल और उससे अधिक आयु के बच्चों के लिए Hib वैक्सीन की ज़रूरत नहीं होती।
   f. ज़्यादा जानकारी के लिए, 4 महीने से लेकर 4 साल तक की उम्र के स्वस्थ बच्चों के लिए CDC कैच-अप मार्गदर्शन देखें।
10. न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन (PCV)। (न्यूनतम आयु: 6 सप्ताह)
   a. समय पर श्रृंखला शुरू करने वाले बच्चों को 2 महीने, 4 महीने, 6 महीने और 12 से लेकर 15 महीने* की उम्र में PCV वैक्सीन दी जानी चाहिए। जिन बच्चों की उम्र 15 महीने से अधिक है, उन्हें ACIP कैच-अप शेड्यूल के अनुसार ही टीके लगाए जाने चाहिए। 12 महीने पूरे होने पर या उसके बाद अंतिम खुराक ली जानी चाहिए।
   b. 7 से लेकर 11 महीने की उम्र के बिना टीकाकरण वाले बच्चों को, कम से कम 4 सप्ताह के अंतराल पर, 2 खुराकें दी जानी आवश्यक हैं, और उसके बाद 12 से लेकर 15 महीने की उम्र में तीसरी खुराक दी जानी चाहिए।
   c. 12 से लेकर 23 महीने की उम्र के बिना टीकाकरण वाले बच्चों को, कम से कम 8 सप्ताह के अंतराल पर, वैक्सीन की 2 खुराकें दी जानी आवश्यक हैं।
   d. यदि वैक्सीन की एक खुराक 24 महीने या उससे अधिक उम्र में ली गई हो, तो आगे किसी भी खुराक की ज़रूरत नहीं है।
   e. 5 साल और उससे कम आयु के बच्चों के लिए PCV की ज़रूरत नहीं होती।
   f. ज़्यादा जानकारी के लिए, 4 महीने से लेकर 4 साल तक की उम्र के स्वस्थ बच्चों के लिए CDC कैच-अप मार्गदर्शन देखें।

   * वैक्सीन के ब्रांड के आधार पर, शेड्यूल में बदलाव हो सकता है

---


ज़्यादा जानकारी के लिए, संपर्क करें:

**New York State Department of Health**
**Division of Vaccine Excellence**
**Room 649, Corning Tower ESP**
**Albany, NY 12237**
**(518) 473-4437**

**New York City Department of Health and Mental Hygiene**
**School Compliance Unit, Bureau of Immunization**
**42-09 28th Street, 5th floor**
**Long Island City, NY 11101**
**(347) 396-2433**



न्यूयॉर्क राज्य के स्वास्थ्य विभाग (New York State Department of Health)/
टीका उत्तमता संभाग (Division of Vaccine Excellence)
health.ny.gov/immunization

17388 (Hindi) 05/25